आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 15.05.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- द्वीपों के उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने रानी लक्ष्मीबाई शिला पर जल्द पूरी होने वाले निर्माणाधीन लाइटहाउस का निरीक्षण किया।
- कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में नवासी दशमलव पांच शून्य प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए।
- भारत के निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के सिलसिले में ई टी पी बी एम एस में प्री काउन्टिंग मॉडयूल पर कल एक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- द्वीपों के पद्मश्री से सम्मानित गणमान्यों का कहना है कि वर्तमान सरकार के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की राह में अग्रसर है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी ने रानी लक्ष्मीबाई शिला पर जल्द पूरी होने वाले निर्माणाधीन लाइटहाउस का निरीक्षण किया, जो जल्द ही परिचालन की स्थिति प्राप्त कर लेगा। यह लाइट हाउस इंडो पैसेफिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भू–रणनीतिक महत्व प्रदान करेगा।

<><><><><><><>

सीबीएसई ने दो हजार चौबीस के दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी है। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के सरकारी और निजी स्कूलों से बारहवीं कक्षा में कुल चार हजार आठ सौ अट्ठावन छात्र उपस्थित हुए, जिनमें से चार हजार पांच सौ नब्बे छात्र उत्तीर्ण हुए और दो सौ उन्नीस छात्रों को कम्पार्टमेंट मिला। इस वर्ष बारहवीं कक्षा के लिए द्वीपों से कुल पास प्रतिशत चौरानबे दशमलव चार आठ है, जबकि पिछले वर्ष दो हजार तेईस का पास प्रतिशत तिरासी दशमलव चार–चार था, जो ग्यारह दशमलव शून्य चार प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। उधर दसवीं कक्षा में कुल पांच हजार चार सौ पचहत्तर छात्र उपस्थित हुए, जिनमें से चार हजार नौ सौ छात्र ही उत्तीर्ण हुए और पांच सौ बत्तीस विद्यार्थियों को कम्पार्टमेंट मिला। इस वर्ष दसवीं कक्षा के कुल पास प्रतिशत नवासी दशमलव पांच शून्य है, जबकि पिछले

वर्ष यह चौरासी दशमलव तीन चार प्रतिशत था। इस वर्ष पांच दशमलव एक छह प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। द्वीपों के कुल चालीस विद्यालयों ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किए हैं।

<><><><><><><>

भारत के निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के सिलसिले में इलैक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट मैनेजमेंट सिस्टम में प्री काउन्टिंग मॉडयूल पर प्रशिक्षण और निर्देशों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर, काउंटिंग सुपरवाइजर और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय और चुनाव अधिकारी कार्यालय की तकनीकी टीम के साथ कल एक वीडियो कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सेवा मतदाताओं को ई–पोस्टल मत पत्र जारी करने के लिए ई–टी–पी–बी–एम–एस का उपयोग किया जा रहा है। भारतीय निर्वाचन आयोग की तकनीकी टीम ने पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से ई–पोस्टल बैलेट की गिनती के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देशों और मानक संचालन प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस. जगलान ने बताया कि जे एन आर एम मतगणना केन्द्र में सुचारू मतगणना के लिए आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। चुनाव अधिकारी अर्जुन शर्मा, सहायक चुनाव अधिकारी विनायक चमाड़िया के अलावा चुनाव से जुड़े अन्य अधिकारियों ने भी इस प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप के प्रगतिशील कृषक चिंताहरण बिश्वास को सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के प्रोडक्शन ऑफ प्लांट वराइटिस एंड फार्मर्स राईट्स अथोरिटी में चिंता मैंगो के नाम से उनके फसल का पंजीकरण कराने के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक की हाल में पोर्ट ब्लेयर दौरे के दौरान चिंताहरण बिश्वास को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। आई सी ए आर–क्यारी की ओर से चिंता मैंगों के लिए सहयोग प्रदान किया गया था और इस फल का वजन तीन सौ से चार सौ ग्राम तक होती है। खाने में स्वादिष्ट और कम मात्रा में फाइबरयुक्त इस फल की खासियत है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल मायाबंदर का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में मरीजों से मुलाकात की। उनकी चिंताओं को

सुना और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के बारे में जानकारी हासिल की। अस्पताल कर्मियों, चिकित्सा पेशेवर और प्रबंधन के साथ उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने मरीजों को समर्पित भावना से सेवाएं देने के लिए अस्पताल कर्मियों की सराहना की।

इस बीच, ज़िले में अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। मायाबंदर तहसील के लखनऊ गांव से करीब पांच हजार वर्ग मीटर और खुदीरामपुर गांव से आठ हजार वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया।

<><><><><><><>

द्वीपों के पद्मश्री से सम्मानित गणमान्यों का कहना है कि वर्तमान सरकार के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की राह में अग्रसर है। आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष भेंट में वर्ष दो हजार ग्यारह में पद्मश्री से सम्मानित शांति तेरेसा लकड़ा, वर्ष दो हजार सोलह में पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल और इस वर्ष पद्मश्री से सम्मानित के. चेल्लामाल ने साक्षात्कार में कहा कि सरकार ने अंडमान निकोबार जैसे दूर–दराज के द्वीप में रहने वाले लोगों को पद्मश्री से सम्मानित कर यह सिद्ध किया है कि भारत के किसी भी कोने में लोग रहें, सरकार उनकी मेहनत, लगन और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों पर नजर रख रही है और ऐसे गुमनाम हीरो की भी पहचान कर उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान में से एक पद्मश्री से सम्मानित कर रही है। इन सभी का कहना है कि सरकार की ओर से जिस प्रकार विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है और जिस प्रकार की नीति अपनाई जा रही है, उससे वो दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा।

<><><><><><><>

पुलिस रेडियो मुख्यालय मरीन हिल में समीक्षा सम्मेलन कक्ष बनाया गया है। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने इसका उद्घाटन किया। इस आधुनिक हॉल में सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इससे पुलिस की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों के लिए उचित स्थान उपलब्ध होगा।

<><><><><><><>

हरिनगर निर्वाचन क्षेत्र से ज़िला परिषद सदस्य शंकर मंडल को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी ने अनिश्चितकाल के लिए पार्टी से निलम्बित कर दिया है। हाल ही में

मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में खुले रूप से पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के विरूद्ध वोट डालने के लिए उनके ऊपर कार्रवाई की गई है।

<><><><><><><>

एम.वी. कैम्पबेल बे की लिटिल अण्डमान के लिए आज होने वाली यात्रा रदद कर दी गई है। अब यह जहाज कल सवेरे सात बजे हैडो जेटी से लिटिल अण्डमान के लिए छूटेगा और कल ही रात्रि नौ बजे लिटिल अण्डमान से पोर्ट ब्लेयर के लिए रवाना होगा। यात्री पहले खरीदे हुए टिकट पर ही यात्रा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

बिल्लीग्राउंड बाज़ार में पिछले दिनों हुई अग्नि दुर्घटना के प्रभावितों के लिए अनुग्रह राशि जारी की गई है। मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त ने सोलह प्रभावितों के लिए चार लाख अस्सी हजार रूपये की राशि जारी की है।

<><><><><><><>